AMAR UJALA

Page No. 05 (Gzb) Date. 06 Sep 2019

# शिक्षक दिवस पर स्कूलों में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

मोदीनगर/मुरादनगर। शिक्षक दिवस पर बृहस्पतिवार को मोदीनगर व मुरादनगर में विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें छात्र-छात्राओ ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कादराबाद स्थित बालबाड़ी पब्लिक स्कूल, डीजीआर, डॉ. केएन मोदी इंटर कॉलेज, सीकरी खुर्द स्थित जेपी पब्लिक स्कूल, छाया पब्लिक स्कूल आदि में विभिन्न कार्यक्रम हुए। ओमसन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अशोक गुप्ता, निदेशक अनुराग गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन दसवीं की छात्रा तुहिना और विधिषी ने किया। वैष्णवी, भारती, इशिका को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। छात्रों में बेस्ट टीचर अल्फैस, तुषार सिंह, अंशुल शर्मा, भारती मलिक, आयुष को पुरस्कृत किया गया। रावली रोड स्थित तेजपाल सिंह त्यागी कुशल पाल त्यागी मेमोरियल डिग्री कॉलेज में शिक्षकों को सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. शिखा रस्तोगी, डॉ. मनोज कुमार, धीरज कुमार आदि मौजूद रहे। दुहाई स्थित मॉडर्न इंस्टीट्यूट में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ निर्देशिका डॉ. पिंकी सिंह ने किया। चेयरपर्सन मंजू शर्मा रहीं। आईटीएस फार्मेसी कॉलेज में वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा, निदेशक डॉ. विनोद सचदेव, डॉ. देवीशरण सेठी, डॉ. एस सदीष कुमार, सुरेंद्र सिंह, निदेशक डॉ. सीएस राम आदि मौजूद रहे। मुरादनगर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रांड परेंट्स डे भी सेलिब्रेशन किया गया। मैनेजर प्रताप वर्मा, अजीत सिंह रहे।

Dainik Jagran


Page No : V

Date. 06 Sep 2019

# उपहार देकर धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

जागरण संवाददाता, मोदीनगर: विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में बृहस्पतिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं, बच्चों ने शिक्षकों को उपहार देकर उन्हें बधाई दी तथा शिक्षकों ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने व तरक्की करने का आशीर्वाद दिया। हाईवे स्थित आइटीएस कॉलेज में भी शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आइटीएस एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डेन्टल विभाग के निदेशक डा. विनोद सचदेवा, प्रधानाचार्य डा. देवी चरण सेठी, फार्मेसी विभाग के निदेशक डा. एस. संदीप कुमार, बायोटेक्नोलाजी के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह एवं फिजियोथेरेपी विभाग के निदेशक डा. सी.एस.राम ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया।

कादराबाद स्थित बाल-बाड़ी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन संजय जैन, निदेशक विनय रोहिला, प्रधानाचार्य नीरू जोशी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को शिक्षक और छात्र के बीच के रिश्ते की पवित्रता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही ऐसा मार्गदर्शक है।जो देश व समाज को अच्छे नागरिक देता है।इस दौरान बच्चों ने शिक्षकों को उपहार देकर शिक्षक दिवस की बधाई दी। शिक्षकों ने आशीर्वाद देकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। हापुड़ रोड स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में भी शिक्षक दिवस पर भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विवेक चतुर्वेदी ने छात्र छात्राओं को व्यक्ति के जीवन में शिक्षा और शिक्षक का महत्व समझाया। केएन मोदी गलोबल स्कूल में भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों को बच्चों ने उपहार देकर बधाई दी। शिक्षकों ने बच्चों का शुक्रिया अदा किया। बच्चों का अपार स्नेह देख शिक्षक गद-गद नजर आए। उधर, मुरादनगर में हाईवे स्थित ओमसन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समूह गान पर नृत्य पेश कर छात्राओं ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अनुराग गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षक का योगदान महत्वपूर्ण है। शिक्षक बच्चों के अंदर की बुराई को निकालकर उसको अच्छा इंसान बनाने की राह पर ले जाता है। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता, रितुदास, कपिल शर्मा, विजय मित्तल, परमेश शर्मा, सीमा आदि अनेक लोग मौजूद रहे। अबूपुर स्थित ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक संदीप रोहिला, ट्रस्टी मीनाक्षी रोहिला, प्रबंधक रितु गोयल, प्रधानाचार्य अमित शर्मा, देवेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। अतिथियों ने बच्चों को शिक्षक का महत्व बताया और यह भी जानकारी दी कि हम शिक्षक दिवस क्यों मनाते हैं। इस मौके पर ज्योति, इशु, अंशु, निधि, प्रिंश, रामेश्वरदयाल आदि अनेक लोग मौजूद रहे।






मुरादनगर के ओमसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा। आइटीएस फार्मेसी कॉलेज में छात्रों ने शिक्षकों का किया सम्मान • सौजन्य : स्कूल

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 05 (Gzb) Date. 06 Sep 2019




आईटीएस डेंटल कॉलेज

## रैंप वॉक किया

डीपीएस एचआरआईटी कैंपस में छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक, शास्त्रीय नृत्य, एकल और सामूहिक नृत्य व गायन प्रतियोगिता के साथ कई प्रकार के खेलों में भाग लिया। उप चेयरमैन अंजुल अग्रवाल, डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल, प्रधानाचार्य नंदिनी शेखर मौजूद रहे। आईटीएस मेरठ रोड में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डायरेक्टर डॉ. विनोद सचदेव, डॉ. एस सदीश कुमार ने शिक्षक दिवस की बधाई दी। इनमेंटेक आध्यात्मिक नगर में शिक्षकों और स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. पंकज ए गुप्ता, चेयरपर्सन डॉ. लतिका गुप्ता, डॉ. केके मित्तल, प्रधानाचार्य निधि अग्रवाल ने शिक्षक दिवस के बारे में बताया।